# कार्यपत्र-14

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) किस वाक्य में कर्मवाच्य का प्रयोग हुआ है? (iii) रवि के द्वारा पत्र लिखा गया। ✓

(ख) कौन-सा वाक्य कर्तृवाच्य का नहीं है? (ii) नेताजी के द्वारा भाषण दिया गया। ✓

(ग) इनमें भाववाच्य का उदाहरण है– (i) दादा जी से बैठा नहीं गया। ✓

(घ) 'बच्चों के द्वारा पटाखे चलाए गए।' – वाच्य का भेद बताइए। (ii) कर्मवाच्य

(ङ) इनमें वाच्य का भेद नहीं है– (ii) मिश्रित वाक्य ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) क्रिया के जिस रूप से वाक्य में क्रिया-व्यापार के प्रधान विषय कर्ता, कर्म या भाव का बोध हो, उसे वाच्य कहते हैं। इसके तीन भेद हैं– कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य तथा भाववाच्य।

(ख) क्रिया के जिस रूप में कर्ता की प्रधानता हो, उसे कर्तृवाच्य कहते हैं। जैसे– नौकरानी झाड़ू लगाती है।

क्रिया के जिस रूप में कर्म की प्रधानता हो, उसे कर्मवाच्य कहते हैं। जैसे– सचिन के द्वारा पतंग उड़ाई गई।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में वाच्य भेद पहचानकर लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) पक्षी आकाश में उड़ते हैं। | कर्तृवाच्य |
| (ख) बीमार आदमी से उठा नहीं गया। | भाववाच्य |
| (ग) अध्यापिका के द्वारा पाठ पढ़ाया गया। | कर्मवाच्य |
| (घ) लड़कियों ने रस्सी कूदी। | कर्तृवाच्य |
| (ङ) उससे बोला नहीं जाता। | भाववाच्य |

**4. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।**

| | |
|---|---|
| (क) बच्चे ने दूध पिया। (कर्मवाच्य में) | बच्चे के द्वारा दूध पिया गया। |
| (ख) मज़दूरों के द्वारा पेड़ नहीं काटा गया। (भाववाच्य में) | मज़दूरों से पेड़ काटा नहीं गया। |
| (ग) वह तैर नहीं सकता। (कर्मवाच्य में) | उसके द्वारा तैरा नहीं जाता। |
| (घ) लड़के से दौड़ा नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में) | लड़का दौड़ नहीं सकता। |
| (ङ) माली के द्वारा पौधे लगाए नहीं गए। (भाववाच्य में) | माली से पौधे लगाए नहीं जाते। |

**5. निम्नलिखित वाच्यों के दो-दो उदाहरण लिखिए।**

(क) कर्तृवाच्य

1. रवि पढ़ रहा है। 2. वह चल नहीं सकता।

(ख) कर्मवाच्य

1. नेता जी के द्वारा भाषण दिया गया। 2. माता जी के द्वारा खाना बनाया गया।

(ग) भाववाच्य

1. उससे बैठा नहीं जाता। 2. दीपक से खेला नहीं जाता।